Dr. Sangita Kumari Saha.
B.A. D- II (S)

# Psychotherapy :- Meaning, Goals.

मनोचिकित्सा का अर्थ है "मानसिक रोगों का उपचार। मनोचिकित्सा का उद्देश्य मनोचिकित्सात्मक प्रविधियों द्वारा असामान्य व्यक्तियों के कष्ट को कम करना, उनके असामान्य व्यवहारों को बदलकर उसे वातावरण के साथ अभियोजन करने में मदद करना होता है। इस प्रणाली के द्वारा मानसिक रोगों के अलावा : बाल अपराध, समाज अपराध, यौन विकृति, कुसमायोजन का निराकरण भी किया जाता है जो एक तरह से असामान्य व्यवहार ही कहलाता है।

मनोचिकित्सा की प्रक्रिया का प्रारम्भ therapist एवं Patient के बीच परस्पर वार्तालाप द्वारा किया जाता है। इस पारस्परिक वार्तालाप द्वारा दोनों के बीच घनिष्ठ संबंध बन जाता है जिसके परिणाम स्वरूप रोगी चिकित्सक पर पूर्ण विश्वास और आस्था रखने लगता है जिसमें रोगी चिकित्सक को प्रत्येक बातें, सलाह, निर्देशन, संकेत को पूर्णतया मानने लगता है और चिकित्सक के सामने अपने मन की बातें खुलकर कहता है जिससे चिकित्सक को रोगी की समस्याओं के निराकरण में मदद मिलती है। यह एक विश्वास और भरोसे पर आधारित मनोचिकित्सक और रोगी के बीच का व्यावसायिक संबंध है जो संबंध नैतिक आधारों पर निर्मित होते हैं।

Page के अनुसार "मनोवैज्ञानिक प्रविधियों द्वारा व्यक्तित्व संबंधी विकृतियों को मनोचिकित्सा की संज्ञा दी जा सकती है।"

Strange के अनुसार "मनोचिकित्सा दो व्यक्तियों के बीच की वार्तालाप को कहते हैं जिनमें एक संवेगात्मक उपद्रवों से ग्रसित रोगी रहता है और दूसरा संवेगात्मक उपद्रवों की अवस्था में सुधार लाने को प्रशिक्षित पेशेवर चिकित्सक रहता है।"

## Aims or Goals of Psychotherapy

मनोचिकित्सा का मुख्य लक्ष्य रोगी को मानसिक विकृति और असन्तुलन दूर कर इस लायक बना देना कि वह एक सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन व्यतीत कर सके। इसके लिए Psychological techniques देकर रोगी के व्यक्तित्व को Maturity, Self actualization

Ajanta Oxford

Scanned with CamScanner